ई-न्यूज

24 न्यूज अपडेट

WebSite.: https://24newsupdate.in

उदयपुर, मंगलवार 18 नवम्बर 2025

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

वर्ष 2 अंक 202

वैश्विक इंटरनेट संकटः क्लाउडफ्लेयर की खराबी से X, चैटजीपीटी और कैनवा ठप, 75 लाख वेबसाइट्स प्रभावित



24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली, 18 नवम्बर। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस चैटबॉट चैटजीपीटी और डिजाइन टूल कैनवा जैसी प्रमुख सेवाएं मंगलवार शाम करीब 5:00 बजे से करीब 2 घंटे से अधिक समय से ठप हैं। भारत समेत दुनियाभर के लाखों उपयोगकर्ता लॉगिन, साइन-अप, पोस्टिंग, क्वेरी जेनरेट करने और प्रीमियम सुविधाओं तक पहुंचने से वंचित हैं। इस वैश्विक बाधा का कारण इंटरनेट इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदाता क्लाउडफ्लेयर का सर्वर डाउन होना है, जिससे जुड़ी लगभग 75 लाख वेबसाइट्स पर भी गंभीर असर पड़ा है। आउटेज ट्रैकिंग साइट डाउनडिटेक्टर खुद भी प्रभावित होने से उपयोगकर्ताओं को समस्या की पुष्टि करने में कठिनाई हो रही है। क्लाउडफ्लेयर, जो 2010 में स्थापित एक प्रमुख वेब इंफ्रास्ट्रक्चर और सिक्योरिटी कंपनी है, वेबसाइटों और ऐप्स को साइबर हमलों, हैकिंग तथा ट्रैफिक जाम से बचाने का काम करती है। यह वैश्विक सर्वर नेटवर्क के जरिए वेबसाइटों की लोडिंग स्पीड बढ़ाती है, खराब ट्रैफिक को फिल्टर करती है तथा मुख्य सर्वर फेल होने पर भी सेवाओं को आंशिक रूप से चालू रखती है। कंपनी ने आधिकारिक बयान में कहा कि समस्या की जानकारी होने पर जांच शुरू कर दी गई है। "हम इसकी पूरी सीमा समझने और प्रभाव को कम करने पर काम कर रहे हैं। जल्द ही और अपडेट साझा किए जाएंगे।" डाउनडिटेक्टर के आंकड़ों के अनुसार, X पर 43 प्रतिशत उपयोगकर्ताओं को पोस्ट देखने में समस्या हुई, जबकि 23 प्रतिशत को वेबसाइट एक्सेस और 24 प्रतिशत को कनेक्शन इश्यू का सामना करना पड़ा। चैटजीपीटी के मामले में 87 प्रतिशत शिकायतें वेबसाइट से, 9 प्रतिशत ऐप से और 3 प्रतिशत एपीआई से संबंधित रहीं। पीक समय में X पर 9,700 से अधिक रिपोर्ट्स दर्ज हुईं, जो इस आउटेज की भयावहता को दर्शाती हैं। अन्य प्रभावित सेवाओं में स्पॉटिफाई, लीग ऑफ लीजेंड्स जैसे ऑनलाइन गेम्स, डिस्कॉर्ड और यहां तक कि एनजे ट्रांजिट जैसी लोकल सेवाएं भी शामिल हैं। यह आउटेज X के लिए कोई नई बात नहीं है। 26 अप्रैल 2024 को दोपहर 1:15 बजे से X ठप हो गया था, जब डाउनडिटेक्टर पर 145 उपयोगकर्ताओं ने वेब और ऐप दोनों पर दिक्कतें रिपोर्ट कीं। इसी तरह, 21 दिसंबर 2023 को सुबह 11 बजे से भारत समेत वैश्विक उपयोगकर्ताओं को एक्सेस समस्या हुई, जहां पोस्ट की जगह 'वेलकम टु X' मैसेज दिखाई दिया। याद रहे, X (पहले ट्विटर) को 27 अक्टूबर 2022 को एलन मस्क ने 44 अरब डॉलर (करीब 3.84 लाख करोड़ रुपये) में खरीदा था। अधिग्रहण के तुरंत बाद मस्क ने सीईओ पराग अग्रवाल, फाइनेंस चीफ नेड सेगल, लीगल एक्जीक्यूटिव विजया गड्डे और सीन एडगेट जैसे चार शीर्ष अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया। 5 जून 2023 से लिंडा याकारिनो कंपनी की सीईओ हैं, जो पहले एनबीसी यूनिवर्सल में ग्लोबल एडवर्टाइजिंग चेयरमैन रहीं। विशेषज्ञों का मानना है कि आधुनिक इंटरनेट की निर्भरता कुछ प्रमुख इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदाताओं पर इतनी अधिक हो चुकी है कि एक छोटी खराबी भी वैश्विक संकट पैदा कर देती है। क्लाउडफ्लेयर के सुधार प्रयास जारी हैं, लेकिन उपयोगकर्ताओं को फिलहाल वैकल्पिक प्लेटफॉर्म्स या ऑफलाइन कामकाज पर निर्भर रहना पड़ रहा है। स्थिति पर नजर बनी हुई है।

भारत का पहला इलेक्ट्रिक-एयर-टैक्सी हब आंध्र प्रदेश में बनेगाः2 साल में पहली ड्रोन टैक्सी शुरू होगी



24 न्यूज अपडेट

भारत का पहला गीगास्केल इलेक्ट्रिक एयर टैक्सी हब आंध्र प्रदेश में बनेगा। इसके लिए आंध्र प्रदेश सरकार ने सरला एविएशन के साथ एक MoU साइन किया है। राज्य में eVTOL (इलेक्ट्रिक वर्टिकल टेक ऑफ एंड लैंडिंग) मैन्युफैक्चरिंग प्लांट सेटअप किया जाएगा।

ये स्काई फैक्ट्री नाम का प्रोजेक्ट अनंतपुर जिले में लगेगा। जहां इलेक्ट्रिक एयर टैक्सी जैसे एयरक्राफ्ट बनेंगे। कंपनी ने पहले फेज में 330 करोड़ रुपए का निवेश करने का प्लान बनाया है। वहीं कंपनी 2029 तक कॉमर्शियल ऑपरेशंस शुरू कर देगी। ये कदम भारत को ग्रीन मोबिलिटी में आगे ले जाएगा।

ये स्काई फैक्ट्री थिम्मासमदुरम में कल्याणदुर्ग मंडल के पास बनेगी, जो 150 एकड़ में फैली होगी। यहां प्रोडक्शन लाइन्स, R&D सेंटर्स, कंपोजिट लैब्स और 2 किलोमीटर का रनवे होगा। जहां DGCA के सर्टिफिकेशन के साथ टेस्टिंग होगी। पहले फेज में 330 करोड़ रुपए लगेंगे और दूसरे फेज में 350 एकड़ और बढ़ाकर कुल 1300 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा।

फैसिलिटी में सरला के फ्लैगशिप शून्य हाइब्रिड VTOL एयरक्राफ्ट के साथ-साथ इलेक्ट्रिकल हार्नेस सिस्टम्स, लैंडिंग गियर और एडवांस्ड कंपोजिट स्ट्रक्चर्स बनेंगे। पूरी तरह चलने पर ये हब सालाना 1000 नेक्स्ट-जेन एयरक्राफ्ट प्रोड्यूस कर सकेगा। ये मॉडल कैलिफोर्निया और म्यूनिख के ग्लोबल हब्स पर बेस्ड है, जो इंटीग्रेटेड eVTOL क्लस्टर बनेगा। आंध्र प्रदेश एयरपोर्ट डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (APADCL) प्रोजेक्ट को फास्ट-ट्रैक करेगी।

दिल्ली की 3 अदालतों, 2 स्कूलों को बम की धमकीः पटियाला हाउस कोर्ट में ब्लास्ट से जुड़े आरोपी की पेशी से पहले मेल आया, जांच जारी



24 न्यूज अपडेट

दिल्ली की 3 जिला अदालतों और 2 स्कूलों को मंगलवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली। साकेत कोर्ट, पटियाला हाउस कोर्ट और द्वारका कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी भरा मेल मिलने के बाद दिल्ली पुलिस ने सभी अदालतों को खाली करवा लिया गया और जांच शुरू कर दी गई है।

रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि धमकी भरा मेल जैश-ए-मोहम्मद नाम की मेल आईडी से भेजा गया था। इसके बाद तीनों कोर्ट कैंपस में बम स्कवॉड जांच कर रहा है।

गौरतलब है कि पटियाला हाउस कोर्ट में आज NIA दिल्ली लाल किला कार ब्लास्ट के एक आरोपी जसीर बिलाल वानी को पेश करने वाली है। इससे ठीक पहले सुबह 11 बजे यह मेल भेजा गया।

इससे पहले सीआरपीएफ के दो स्कूलों को भी सुबह बम की धमकी मिली। एक अज्ञात व्यक्ति ने पुलिस को फोन करके दावा किया कि कैंपस में विस्फोटक रखे गए हैं।

सुबह करीब 9 बजे प्रशांत विहार और द्वारका के स्कूलों को कॉल मिलने के बाद, टीमें दोनों जगहों पर पहुंच गईं और एहतियात के तौर पर स्कूल खाली करा लिया गया।

NIA मंगलवार को आरोपी जसीर बिलाल उर्फ दानिश को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश करने वाली है। इससे पहले वहां रैपिड एक्शन फोर्स तैनात की गई। यह आरोपी हमले में मारे गए आतंकी डॉ. उमर का दोस्त बताया जा रहा है।

साकेत कोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व सचिव धीर सिंह कसाना ने कहा कि अदालती कार्यवाही लगभग दो घंटे के लिए स्थगित कर दी गई थी और लंच के बाद फिर से शुरू होगी। पटियाला हाउस अदालतों में नई दिल्ली बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष नवनीत पंवार ने पुष्टि की अदालती कार्यवाही जारी है। केवल थोड़ी देर के लिए रुकी थी।

दिल्ली पुलिस ने बताया कि स्कूलों को धमकी देने के बाद फोन करने वाले का फोन बंद हो गया और उसका पता लगाने की कोशिश जारी है। हालांकि फायर ब्रिगेड के एक अधिकारी ने कहा, "हमने स्कूलों में जांच की। वहां कुछ संदिग्ध नहीं मिला है। धमकी को एक अफवाह घोषित कर दिया गया है।"

राजस्थान के माउंट आबू में पारा शून्यः बद्रीनाथ में झील-झरने जमे; MP के 26 जिलों में शीतलहर का अलर्ट, स्कूलों की टाइमिंग बदली



24 न्यूज अपडेट

पहाड़ी इलाकों से आ रही बर्फीली हवाओं से उत्तर भारत ठिठुर रहा है। दिल्ली, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान समेत कई राज्यों में तापमान तेजी से लुढ़क रहा है। उत्तराखंड के बद्रीनाथ धाम में पारा माइनस 8 डिग्री चला गया है, जिससे वहां झरने और झीलें जम गई हैं।

राजस्थान में साल 2021 के बाद पहली बार नवंबर में टेम्परेचर 5 डिग्री से नीचे आ गया है। पिछले 24 घंटे के दौरान फतेहपुर में सबसे कम तापमान 4.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। राज्य के 15 शहरों में तापमान 5 से 10 डिग्री के बीच दर्ज किया गया। माउंट आबू में 15 साल में पहली बार नवंबर में ही पारा शून्य पर पहुंच गया है। इससे ओस की बूंदें जम गईं। पिछले साल माउंट आबू में पिछले साल ओस की बूंदें 10 दिसंबर 2024 को बर्फ बनी थीं।

मध्य प्रदेश के भोपाल, इंदौर और राजगढ़ समेत 26 जिलों में मंगलवार को शीतलहर की चेतावनी दी गई है। इंदौर में आज से स्कूलों की टाइमिंग सुबह 9 बजे से कर दी गई है। भोपाल में नर्सरी से 8वीं क्लास तक स्कूलों की टाइमिंग सुबह 8:30 बजे के बाद लगाने के निर्देश दिए गए हैं।

सेंसेक्स 277 अंक गिरकर 84,673 पर बंदः निफ्टी में भी 103 अंक की गिरावट रही, फाइनेंस और IT शेयर्स में बिकवाली रही



24 न्यूज अपडेट

शेयर बाजार में आज यानी 18 नवंबर को गिरावट रही। सेंसेक्स 277 अंक की गिरावट के साथ 84,673 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 103 अंक की गिरावट रही, ये 25,910 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 23 में गिरावट और 7 में बढ़त रही। आज फाइनेंस, IT और ऑटो शेयर्स में ज्यादा गिरावट रही। टेक महिंद्रा का शेयर 2.21% और इंफोसिस का शेयर 1.33% गिरकर बंद हुआ।

सोना 1.22 लाख प्रति 10 ग्राम पर आयाः 3 कारोबारी दिनों में दाम 4,374 गिरे; चांदी 1,227 गिरकर 1.54 लाख किलो बिक रही



24 न्यूज अपडेट

सोना-चांदी के दाम में आज यानी 18 नवंबर को गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार 10 ग्राम सोना 744 रुपए गिरकर 1,22,180 रुपए पर आ गया है। इससे पहले सोने की कीमत 1,22,924 रुपए प्रति 10 ग्राम थी।

वहीं 3 कारोबारी दिनों में सोना 4,374 रुपए सस्ता हो चुका था। बीते गुरुवार यानी 13 नवंबर को सोना 1,26,554 रुपए पर था। सोने के दाम में शुक्रवार और सोमवार को भी गिरावट रही थी। वहीं शनिवार और रविवार को बाजार बंद था।

चांदी 1,227 रुपए गिरकर 1,53,706 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गई है। इससे पहले इसकी कीमत 1,54,933 प्रति किलोग्राम थी। वहीं 3 कारोबारी दिनों में चांदी का दाम 9,024 रुपए कम हो चुका है। बीते गुरुवार को ये 1,62,730 रुपए पर थी।

2026 तक बद्रीनाथ बनेगा स्मार्ट स्पिरिचुअल सिटीः 481 करोड़ की लागत



24 न्यूज अपडेट

उत्तराखंड का बद्रीनाथ धाम अब सिर्फ तीर्थ स्थल नहीं, बल्कि जल्दी ही एक स्मार्ट आध्यात्मिक सिटी के रूप में विकसित होगा। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या और मौजूदा सुविधाओं की कमी को देखते हुए 481 करोड़ की लागत से तैयार मास्टर प्लान के तहत यहां पर तेजी से निर्माणकार्य किए जा रहे हैं। श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी कहते हैं कि- 2026 के अंत तक इस मास्टर प्लान के तहत काम पूरा हा जाएगा, हालांकि 5 साल पहले जब ये मास्टर प्लान लाया गया था तब इसकी समय सीमा 2025 रखी गई थी।

अभी बद्रीनाथ में संकरी गलियां, अव्यवस्थित पार्किंग, सार्वजनिक सुविधाओं की कमी और यातायात जाम जैसी समस्याएं आम हैं। मास्टर प्लान का उद्देश्य है इन समस्याओं को दूर करना और धाम को आने वाले 50 सालों के लिए सुरक्षित, सुव्यवस्थित और आधुनिक बनाना।

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने बताया कि बद्री-केदार धाम के विकास पर पीएम नरेंद्र मोदी विशेष ध्यान दे रहे हैं। उन्होंने कहा-

पीएमओ इस प्रोजेक्ट की लगातार मॉनिटरिंग कर रहा है। हमारी सरकार भी नियमित समीक्षा कर रही है। मैं स्वयं मौके पर जाकर प्रगति देखता हूं। मुख्य सचिव और गढ़वाल आयुक्त भी समय-समय पर जाकर कार्य की गुणवत्ता और स्थानीय लोगों की राय लेते हैं।

25 नवंबर को राममंदिर में मोदी करेंगे ध्वजारोहणः भागवत आएंगे

24 न्यूज अपडेट

अयोध्या के राममंदिर के शिखर पर ध्वज फहराने की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। 25 नवंबर को PM नरेंद्र मोदी बटन दबाकर ध्वज को फहराएंगे, उनके साथ मोहन भागवत भी मौजूद रहेंगे। इसके लिए 12 बजे से 12.30 बजे के बीच अभिजीत मुहूर्त तय किया गया है।

बटन दबाने के बाद 10 सेकेंड में ही ध्वज हवा में फहराने लगेगा। केसरिया रंग के खास ध्वज पर सूर्य, ॐ और कोविदार (अयोध्या का शाही वृक्ष, जो कचनार के नाम से जाना जाता है) के प्रतीक बने हुए हैं। ये सभी चिह्न सूर्यवंश के प्रतीक है। ध्वज को वैदिक मंत्रों के बीच सलामी दी जाएगी। ध्वज फहराते ही मंदिर परिसर में घंटे-घड़ियाल बजने लगेंगे।

वहीं, राममंदिर के शिखर पर मंगलवार को ध्वजा फहरा कर ट्रायल किया गया। इसके अलावा ध्वजारोहण समारोह की तैयारियां देखने सीएम योगी भी अयोध्या पहुंचे।

राम मंदिर के 161 फीट ऊंचे शिखर पर 42 फीट ऊंचा स्तंभ स्थापित किया गया है। इसी स्तंभ पर 22 फीट लंबी और 11 फीट चौड़ी पताका फहराएगी, जो 3Km दूर से दिखेगी। आयोजन में कब क्या होगा?

संपादकीय : हादसों का सिलसिला

सऊदी अरब के मदीना में रविवार देर रात को हुई भीषण बस दुर्घटना रोंगटे खड़े कर देने वाली है। इसमें चालीस से अधिक भारतीय जायरीनों की जान चली गई। यह हादसा इतना भयानक था कि बस में सवार यात्री तेल टैंकर से हुई टक्कर के बाद लगी आग में बुरी तरह जल गए। अब उनकी पहचान करना मुश्किल है। हालांकि इस हादसे के कारणों का खुलासा अभी नहीं हुआ है, लेकिन सवाल है कि विदेश में धार्मिक यात्रा पर जाने वाले लोगों की सुरक्षा का दायित्व किसका है? हादसे का तर्क जिम्मेदारियों के कई सवालों को पीछे धकेल देता है। मगर यह सच है कि धार्मिक पर्यटन से विभिन्न देश हर वर्ष अच्छी-खासी कमाई करते हैं, तो फिर विदेशी श्रद्धालुओं की यात्रा को सुलभ एवं सुरक्षित बनाने की ओर उनका ध्यान क्यों नहीं जाता है ! इस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है कि विभिन्न स्तर पर बरती जाने वाली लापरवाही श्रद्धालुओं की जान पर भारी पड़ सकती है। खबरों के मुताबिक, मदीना में बस दुर्घटना में जान गंवाने वाले ज्यादातर लोग तेलंगाना के निवासी थे। ये सभी नौ नवंबर को यहां से उमराह के लिए जेद्दा गए थे और उन्हें 23 नवंबर को वापस आना था। इस हादसे के बाद रियाद स्थित भारतीय दूतावास और जेद्दा में वाणिज्य दूतावास के अधिकारियों ने सक्रियता दिखाई, लेकिन यही सक्रियता अगर इन भारतीय जायरीनों के सुरक्षा बंदोबस्त को लेकर पहले दिखाई होती तो शायद इस हादसे से बचा जा सकता था। दुर्घटना के बाद सबसे बड़ी चुनौती मृतकों की पहचान को लेकर खड़ी हो गई है। परिजनों को यह मालूम ही नहीं हो पा रहा है कि उनके परिवार के सदस्य जिंदा हैं या नहीं। कहा जा रहा है कि कई परिवारों के चार से सात सदस्य इस बस में सवार थे। राज्य सरकार अब मृतकों के परिवारों से एक-एक व्यक्ति को सऊदी अरब भेजने की तैयारी कर रही है, ताकि शवों की पहचान कर उन्हें भारत वापस लाया जा सके । गौरतलब है कि हर साल दुनिया भर से मुसलिम समुदाय के लाखों लोग हज यात्रा के लिए मक्का-मदीना जाते हैं। सऊदी अरब की सरकार हर देश को उसकी मुसलिम आबादी के हिसाब से एक निर्धारित हज कोटा देती है। इसी कोटे के जरिए तय होता है कि किस देश से कितने लोग इस पाक यात्रा पर जा सकते हैं। एक रपट के मुताबिक, भारत से हर वर्ष 1.75 लाख से ज्यादा लोग हज पर जाते हैं। इसी तरह उमराह के लिए भी हर वर्ष यहां से हजारों लोग मक्का-मदीना जाते हैं। हज यात्रा वर्ष में एक बार होती है, जबकि उमराह कभी भी किया जा सकता है। मगर इन जायरीनों के लिए सुरक्षा इंतजामों का अभाव साफ नजर आता है। न तो उनकी यात्रा के लिए कोई विशेष सड़क मार्ग चिह्नित किया जाता है और न ही रास्ते में उनके ठहरने की माकूल व्यवस्था होती है। कायदे से यह भारतीय अधिकारियों की भी जिम्मेदारी है। कि वे अपने देश के नागरिकों की धार्मिक यात्रा को सुरक्षित बनाने के लिए सउदी अरब के संबंधित प्राधिकारियों से नियमित संपर्क में रहें। बहरहाल, में जो हादसा हुआ है, उसकी हर कोण से जांच की जानी चाहिए । दोषियों को न्याय के कठघरे में लाने के लिए दोनों देशों की सरकारों को गंभीरता दिखानी होगी।

गरिमा के विरुद्ध

किसी भी सरकार में मंत्री या अन्य उच्च पद पर बैठे व्यक्ति की यह अनिवार्य जिम्मेदारी होती है कि वह अपनी राय जाहिर करते हुए संयमित भाषा का इस्तेमाल करे । यों यह दायित्व सभी विवेकवान आम नागरिकों का भी होता है, लेकिन इससे बड़ी विडंबना क्या होगी कि कोई नेता सार्वजनिक रूप से भी ऐसी बात बोलने से नहीं हिचकता, जो न केवल हर दृष्टि से अनुचित है, बल्कि इससे खुद उसकी गरिमा भी कम होती है। मध्य प्रदेश सरकार में उच्च शिक्षा मंत्री ने राजा राममोहन राय के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए यह सोचना तक जरूरी नहीं समझा कि वे न केवल उनके योगदान को खारिज कर रहे हैं, बल्कि खुद अपनी समझ की सीमा भी जाहिर कर रहे थे। राममोहन राय को देश जिस रूप में जानता रहा है, उसमें स्वाभाविक ही ऐसे बयान के लिए मंत्री की तीखी आलोचना की गई। मामले के तूल पकड़ने के बाद भले ही मंत्री ने अपने शब्दों के लिए मा मांग ली, लेकिन इससे एक बार फिर यही जाहिर हुआ कि महज सुर्खियों में बने रहने के लिए कैसे कुछ नेता किसी मसले पर विवाद खड़ा करने से नहीं हिचकते । सवाल है कि राज्य सरकार में उच्च शिक्षा मंत्री के पद पर होने के बावजूद क्या उन्हें इतिहास के उस अध्याय के बारे में जानकारी नहीं थी कि राममोहन राय अपने किन योगदानों के लिए जाने जाते हैं। भारत में समाज सुधार आंदोलन में पुनर्जागरण से लेकर सती प्रथा को खत्म कराने के लिए विख्यात राममोहन राय के बारे में एक मंत्री किसी भी स्थिति में अगर आपत्तिजनक राय जाहिर करता है, तो उसे कैसे देखा जाना चाहिए? क्या यह अपने ही नायकों को अपमानित करने का प्रयास नहीं माना जाएगा ? अफसोस की बात यह है कि इस तरह बिना सोचे-समझे बयान देने वाले मध्य प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री अकेले नहीं हैं। इस तरह बेलगाम बोल का सहारा लेकर चर्चा बटोरने वाले नेताओं को न तो अपनी और न ही अपने पद की गरिमा का ध्यान रखना जरूरी लगता है। जबकि आम जनता के मुकाबले किसी ऊंचे पद पर बैठे व्यक्ति की यह जिम्मेदारी ज्यादा हो जाती है कि वह सार्वजनिक विचारों से एक आदर्श सामने रखे, न कि लापरवाह होकर ऐसी बातें बोले, जिसके लिए उसे माफी मांगनी पड़े।

खबर का असर : नेताजी ने 'तख्त' हिलते देख बंद करवा दी वसूली वाली दुकानें



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर के सेक्टर-14 में सीए सर्कल से आगे सेटेलाइट हॉस्पिटल के नीचे में फुटपाथ पर तख्त वाले नेताजी की वसूली वाली दुकानों पर ताला लग गया है। कुछ दुकानें हट गईं हैं, कुछ बंद कर दी गईं हैं। इस डर से कि कहीं हाल ही में जमीनों के मामले में बदनाम हुए नेताजी कहीं अबकी बार अवैध किराया वसूली का फुटपाथ पर रैकेट चलाने वालों के रूप में बदनाम ना हो जाएं। इन चर्चित अतिक्रमणों के बारे में हमने आपको ट्वंटी फोर न्यूज अपडेट में एक समाचार दिखाया था और आपको बताया था कि किस तरह खुद को किसी तख्त पर बैठा 'सिंह-मानने वाले' नेताजी के संरक्षण में फुटपाथ पर अवैध धंधा चल रहा है। आज जब हमारी टीम फिर से मौके पर पहुंची तो खबर का सीधा असर देखने को मिला। खबर प्रसारित होते ही बताया गया कि अतिक्रमणकारियों के पैरों तले जमीन खिसक गई। लोगों ने कहा कि नेताजी, कहीं अवैध किराया वसूली के चक्कर में आपके दूसरे कर्मकांडों की धोती नहीं खुल जाए। ऐसे में बिना किसी नोटिस और कार्रवाई के दुकानें खुद ही बंद कर ताले लगाकर रफूचक्कर होने में ही भलाई है। और हुआ भी यही। सूत्रों के मुताबिक जिस तख्त वाले नेताजी का नाम लोग फुसफुसा रहे हैं, उन्होंने भी अपनी फजीहत आगे बढ़ते देख अतिक्रमणकारियों को "फिलहाल ठंडे रहो" का संदेश भिजवा दिया। कहा गया है कि बाद में मौका देखती और मीडिया की नजर चूकते ही फिर से फिल्डिंग जमवा दूंगा। क्योंकि यूडीए के अफसर उनकी जेब में रहते हैं। वे यहां अतिक्रमण हटाने की जुर्रत करके अपने कॅरियर पर कोई जोखिम नहीं लेना चाहते। अब बड़ा सवाल है कि जो लोग भाग गए, वे तो गए, मगर जो पक्का निर्माण फुटपाथ पर खड़ा है, उसे कौन हटवाएगा? क्या नेताओं के आगे दुम हिलाने वाले अफसर हिम्मत कर पाएंगे? क्या प्रशासन सिर्फ गरीबों की झोपड़ी और मकानों ही निशाना बनाने की ताकत रखता है? इस तरह से राजनीति की आड़ में वसूली कर रहे रंगे सियार और दंबगों की दुकानें उसे दिखाई ही नहीं देतीं? हमने अपनी खबर में यह भी बताया था कि किस तरह इन केबिनों और दुकानों से मासिक वसूली भी हो रही थी। और शहर में यह वसूली का रोग बढ़ता ही जा रहा है। सत्ता का गुमान, अपराधियों का साथ, खाकी और काले कोट की छत्रछांया ऐसे लोगों के हौसले आसमान पर पहुंचा रही है। "जागरूक जनता की आवाज" अगर उठती रहेगी, तो शायद इस फुटपाथ से भी तख्त वाले भागते नजर आएंगे और कानून में इकबाल लोगों का जरूर लौटेगा।

सुभाष नगर में फ्लैट की 'देखभाल' के नाम पर बड़ा फ्रॉड, मेजर अविराज सिंह के घर पर कब्जा, दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। शहर के सुभाष नगर क्षेत्र में फ्लैट की देखभाल के नाम पर धोखाधड़ी और अवैध कब्जे का गंभीर मामला सामने आया है। रघुकुल अपार्टमेंट में रहने वाले आर्मी के मेजर अविराज सिंह शेखावत ने अपने ही घर पर कब्जा होने की शिकायत दर्ज कराई है। सूत्रों के मुताबिक, मेजर शेखावत ने अपने फ्लैट की नियमित देखरेख और रख-रखाव के लिए इसे जितेंद्र मेहता को सौंपा था। कुछ समय बाद जब वे अपने फ्लैट पर पहुंचे तो मामला पूरी तरह पलट चुका था। फ्लैट के अंदर एक अन्य व्यक्ति प्रवीण सिंह अपने परिवार के साथ रह रहा था। जब मेजर अविराज सिंह ने प्रवीण सिंह से इस बारे में पूछा और फ्लैट खाली करने को कहा, तो प्रवीण सिंह ने स्पष्ट रूप से इंकार कर दिया और खुद को वहीं रहने का हकदार बताया। इसके बाद मेजर अविराज सिंह शेखावत तुरंत भोपालपुरा थाने पहुंचे और जितेंद्र मेहता व प्रवीण सिंह के खिलाफ अवैध कब्जा, धोखाधड़ी और विश्वासघात का मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह बात भी सामने आ रही है कि आरोपी पक्ष ने किस आधार पर फ्लैट में प्रवेश किया और कब्जा किया— इसकी तहकीकात भी की जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, अपार्टमेंट में इससे पहले ऐसा मामला नहीं हुआ था, जिससे यह घटना और भी चौंकाने वाली मानी जा रही है। पुलिस का कहना है कि तथ्यों की जांच के बाद आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

मुस्लिम महासंघ के प्रतिनिधि मंडल की IG से मुलाकात, नौजवानों में बढ़ती नशे की लत और ट्रैफिक अव्यवस्था पर जताई चिंता



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। मुस्लिम महासंघ के प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को उदयपुर रेंज के IG गौरव श्रीवास्तव से शिष्टाचार मुलाकात की। प्रतिनिधियों ने शहर में नौजवानों में तेजी से बढ़ती नशे की लत पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए इस पर रोक लगाने के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की। प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि नशा युवाओं को अपराध और बर्बादी की ओर धकेल रहा है, इसलिए पुलिस को सख्त अभियान चलाकर नशे की सप्लाई चेन, ड्रग पैडलर्स और गैंगों पर तुरंत काबू पाना चाहिए। इसके साथ ही मुस्लिम महासंघ ने शहर की ट्रैफिक व्यवस्था की ओर भी IG का ध्यान आकर्षित किया। बढ़ते ट्रैफिक दबाव, लापरवाह ड्राइविंग और सड़क अनुशासन के अभाव पर चिंता जताते हुए प्रतिनिधियों ने पुलिस से आग्रह किया कि नागरिकों में जागरूकता अभियान चलाया जाए और ट्रैफिक सिस्टम को बेहतर बनाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। इस दौरान मुस्लिम महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष हाजी साहब ने IG का पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष मुहम्मद हनीफ और संभागीय अध्यक्ष तोकीर रज़ा ने उपरना ओढ़ाकर सम्मान किया। मुलाकात के दौरान महासंघ के सदस्य— के.आर. सिद्दीकी, शफी मेकेनिक, मुहम्मद मुश्ताक साहब, रियान अहमद, एडवोकेट आज़म खान, एडवोकेट इक़बाल शेख, नासिर खान, पार्षद हिदायतुल्ला, मोइनुद्दीन सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

डूंगरपुरः सागवाड़ा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 46 वाहन जब्त, 7 ड्राइवर नशे में धराए



24 न्यूज अपडेट

डूंगरपुर। सागवाड़ा थाना पुलिस ने यातायात नियमों के उल्लंघन और शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ चलाए गए विशेष अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने कुल 46 वाहन जब्त किए, जिनमें एक थार और एक स्कूटी भी शामिल है। अभियान के दौरान शराब के नशे में गाड़ी चलाते पकड़े गए 7 ड्राइवरों को गिरफ्त में लिया गया। इन सभी की मेडिकल जांच कराई गई है। नशे में वाहन चलाने के आरोप में 5 मोटरसाइकिल, 1 स्कूटी और 1 थार जब्त की गई। इसके अलावा पुलिस ने अन्य उल्लंघनों पर भी सख्ती दिखाई. ओवरलोडिंग के 11 वाहन जब्त रॉन्ग साइड (गलत दिशा) में चलाने पर 8 वाहन बिना नंबर प्लेट के 15 वाहन बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने पर 5 सवारों के खिलाफ कार्रवाई सागवाड़ा थानाधिकारी मदनलाल ने बताया कि यातायात नियमों का पालन करवाने और नशे में ड्राइविंग रोकने के लिए यह विशेष अभियान लगातार जारी रहेगा। पुलिस की अलग-अलग टीमों ने क्षेत्र में चेकिंग कर यह कार्रवाई की है।

उदयपुरः घर में घुसकर 4 साल की बच्ची से छेड़छाड़, नशेड़ी को पुलिस ने दबोचा



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर शहर में दिनदहाड़े एक शर्मनाक घटना सामने आई है, जहाँ एक घर में घुसकर 4 साल की मासूम बच्ची के साथ छेड़छाड़ की गई। बच्ची के शोर मचाने पर पिता ने आरोपी को पकड़ लिया, जिसे बाद में गश्त कर रही पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया। यह सनसनीखेज मामला हिरणमगरी थाने में दर्ज किया गया है।

बताया गया है कि सोमवार दोपहर करीब 3 बजे बच्ची की माँ अपने बड़े बेटे को ट्यूशन क्लास से लेने गई थीं। बच्ची के पिता नाइट ड्यूटी से लौटे थे और घर में सो रहे थे, जबकि पास ही 4 साल की बच्ची भी सोई हुई थी। इसी दौरान, सेक्टर-3 निवासी दशरथ चौहान नाम का एक नशेड़ी व्यक्ति मौका पाकर घर में घुस गया। आरोपी घर में घुसते हुए सीसीटीवी कैमरे में भी रिकॉर्ड हो गया है। घर में घुसने के बाद, दशरथ चौहान ने सोई हुई मासूम बच्ची से छेड़छाड़ शुरू कर दी। उसने बच्ची और खुद के कपड़े उतार दिए और दुष्कर्म का प्रयास करने लगा। एकाएक जागी बच्ची जोर-जोर से रोने लगी।

बच्ची के रोने की आवाज सुनकर उसके पिता तुरंत जाग गए। उन्होंने आरोपी को रंगे हाथों पकड़ लिया और उसकी जमकर धुनाई की। शोर सुनकर आस-पास के लोग भी इकट्ठा हो गए।

इस बीच, क्षेत्र में गश्त कर रही कालिका टीम की कांस्टेबल भावना कुंवर, अनिता कुमारी और कल्पना कुमारी मौके पर पहुंच गईं। उन्होंने तुरंत आरोपी दशरथ चौहान को हिरासत में लिया और आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए हिरणमगरी थाना पुलिस को सौंप दिया। पुलिस अब मामले की जांच कर रही है।

कियाना परिहार ने कुआलालाम्पुर में शतरंज में जीता गोल्ड मेडल, अब तक 10 अन्तर्राष्ट्रीय मेडल जीते



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। राष्ट्रीय अन्डर.9 गर्ल्स शतरंज चेम्पियन उदयपुर की नन्हीं बालिका कियाना परिहार ने छोटी सी उम्र में शतरंज में वैश्विक स्तर पर शतरंज खिलाड़ियों को मात दे कर इस क्षेत्र में भारत का नाम रोशन किया है। रविवार को मलेशिया के कुआलालम्पुर में सम्पन्न हुई कोमनवेल्थ शतरंज चेम्पिनशीप 2025 में गोल्ड मेडल जीत कर देश के लिये बहुत बड़ा खिताब अपने नाम किया। कियाना ने कुआलालम्पुर में अन्डर.10 गर्ल्स ब्लिट्ज़ वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उक्त चेम्पियनशीप में खिताब हासिल किया। कुआलालम्पुर में 8.17 नवम्बर तक आयोजित इस 10 दिवसीय टुर्नामेन्ट में 30 देशों के 900 शतेंरज खिलाड़ियों ने विभिन्न आयु वर्गो की प्रतिस्पर्धा में भाग लिया। कियाना के पिता जितेन्द्र परिहार ने आज अशोका पैलेस के मधुश्री बेक्वेंट हॉल में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि कियाना ने ब्लिट्ज़ खिताब के साथ ही क्लासिकल प्रारूप में कास्य पदक भी जीता। इससे यह साबित होता है कि कियाना खेल के हर प्रारूप में माहिर है। इस उपलब्धि के साथ ही कियाना ने अब तक 10 अन्तर्राष्ट्रीय पदक जीते। कियाना की लगन एवं निरन्तर बेहतर प्रदर्शन ने उन्हें भारत की सबसे युवा प्रतिभाशाली शतरंज खिलाड़ी में शुमार दिया। इससे पहले कियाना ने वैश्विक स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए कजाखस्तान के अल्माटी में आयोजित हुई वर्ल्ड कैडेट शतरंज चेम्पियनशीप 2025 अन्डर.10 आयु वर्ग में कास्यं पदक जीताएसाथ ही ग्रीस के रोड्स में आयोजित वर्ल्ड यूथ टिल्ट्ज़ शतरंज चेम्पियनशीप में कास्यं पदक जीता। इससे वह विश्व स्तर की प्रतियोगिता में पदक जीतने वाली राजस्थान की पहली खिलाड़ी बनी। जितेन्द्र परिहार ने बताया कि कियाना के करियर में 5 स्वर्णएऔर एक रजत पदक एशियाई चेम्पियनशिप से जुड़े है। उन्होंने 2023 में यूएई के अल ऐन में एशियन यूथ शतरंज चेम्पियन का खिताब जीता। हाल ही के वर्षो में कियाना ने एशियाई और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर लगतार प्रदर्शन किया। अर्जित की गई इस सफलता के बारें में कियाना परिहार ने बताया कि वे माता.पिताएकोच हेमंत थांकी और एमडीएस स्कूल की आभारी हूं जिन्होंने हमेशा मेरा साथ दियाएसाथ ही मैं अपने प्रायोजको नीव सोसायटी और वडंर सीमेन्ट को धन्यवाद ज्ञापित किया। कियाना ने बताया कि उनका अगला लक्ष्य विश्व शतंरज चेम्पियन बनने का सपना पूरा के करने के लिये दिन रात मेहनत कर रही हूं। कियाना की यह उपलब्धि भारतीय शंतरंज जगत में राजस्थान की पहिचान को मजबूत करती है। कियाना की मेहनत और समर्पण देश के अनेक युवा खिलाड़ियों के लिये प्रेरणा स्त्रोत बन गई है।

जूली सोनी को एनसीटीई अध्यक्ष ने पीएचडी उपाधि से नवाजा



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। जूली सोनी को भारत सरकार के राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) के अध्यक्ष प्रोफेसर पंकज अरोड़ा द्वारा विद्या-वाचस्पति (पीएचडी) की उपाधि प्रदान की गई। सोनी ने "प्रमुख उपनिषदों में आत्मतत्त्व एवं मोक्ष : एक अनुशीलन" विषय पर जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय से शोधकार्य पूरा किया। उनका यह शोध संस्कृत विभाग के सह-आचार्य एवं विभागाध्यक्ष तथा भारतीय सांस्कृतिक राजदूत डॉ. धीरज प्रकाश जोशी के निर्देशन में संपन्न हुआ। वर्तमान में जूली सोनी एक निजी विद्यालय में संस्कृत अध्यापन का कार्य कर रही हैं।

समीजा गांव में अवैध क्लिनिक सीज, भारी मात्रा में प्रतिबंधित दवाएं जब्त



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। गोगुंदा उपखंड क्षेत्र के समीजा गांव में लक्ष्मी मेडिकल स्टोर की आड़ में चल रहे अवैध क्लिनिक पर ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी (BCMO) डॉ. दिनेश मीणा ने अचानक छापेमारी कर बड़ी कार्रवाई की। क्लिनिक को तत्काल प्रभाव से सीज कर दिया गया। छापे के दौरान क्लिनिक से भारी मात्रा में अवैध दवाएं, इंजेक्शन, एंटीबायोटिक, स्टेरॉइड, दर्द निवारक इंजेक्शन, ड्रिप्स तथा प्रतिबंधित शेड्यूल-H श्रेणी की दवाएं बरामद हुईं। कार्रवाई की भनक लगते ही क्लिनिक संचालक मौके से फरार हो गया। BCMO डॉ. दिनेश मीणा ने सभी बरामद दवाओं को जब्त करते हुए क्लिनिक को सील कर दिया तथा फरार संचालक के विरुद्ध ओगणा थाने में मुकदमा दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। ज्ञात रहे कि उक्त संचालक पूर्व में भी अवैध क्लिनिक चलाने के आरोप में गिरफ्तार हो चुका है। जेल से छूटने के बाद भी वह पुनः अवैध रूप से इलाज का धंधा कर रहा था। क्षेत्रवासियों ने स्वास्थ्य विभाग की इस कार्रवाई की सराहना की है।

23 से 25 नवम्बर तक चित्तौड़गढ़ जिले में उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान

24 न्यूज अपडेट

निम्बाहेड़ा (कविता पारख)। भारत सरकार के निर्देश पर चित्तौड़गढ़ जिले में 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो से बचाव की खुराक पिलाने के लिए 23 से 25 नवम्बर तक उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान चलाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ताराचन्द गुप्ता ने बताया कि आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जिले के सभी पीएमओ, बीसीएमओ तथा खण्ड कार्यक्रम प्रबंधकों के साथ अभियान की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिले में इस बार 1,646 पोलियो बूथ बनाए गए हैं। सभी स्टाफ को समय पर प्रशिक्षण तथा ब्लॉक टास्क फोर्स की बैठक आयोजित करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। डॉ. गुप्ता ने स्पष्ट कहा कि बीसीएमओ यह सुनिश्चित करें कि एक भी बच्चा पोलियो की दवा से वंचित न रहे। माइक्रो प्लान के अनुसार बूथों पर आईईसी गतिविधियां, अभियान पूर्व विद्यालयों में रैलियां तथा व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। आंगनवाड़ी एवं शिक्षा विभाग के सहयोग से बूथ दिवस पर अधिकतम बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, हाट-बाजार तथा भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर ट्रांजिट टीमों की प्रभावी तैनाती के निर्देश दिए गए। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कमलेश कुमार शर्मा ने बताया कि सभी बीसीएमओ अपने क्षेत्र में भ्रमण कर बूथों का निर्धारण, डी-फ्रीज का संधारण, वीवीएम एवं सीसीबी का कार्य योजना अनुसार सुनिश्चित करें। सुपरवाइजर एवं वैक्सीनेटर्स की नियुक्ति भी पूरी कर ली जाए।

उदयपुर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री में अमूल की यात्रा पर विशेष सत्र का आयोजन

डॉ. व्यास ने साझा किए महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि और अनुभव



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 18 नवंबर। उदयपुर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (यूसीसीआई) ने अमूल की व्यावसायिक यात्रा प्रमुख पहल और अनुभव विषय पर एक संवादात्मक सत्र का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. अमित व्यास, प्रबंध निदेशक, अमूल डेयरी, गुजरात थे। यूसीसीआई अध्यक्ष के मनीष गलुंडिया ने अपने स्वागत भाषण में बताया कि यह कार्यक्रम यूसीसीआई उत्कृष्टता पुरस्कार 2026 श्रृंखला का हिस्सा है। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि उद्यमी और व्यावसायिक नेता दृढ़ दृष्टि, नवाचार, टीम वर्क और अनुशासित नेतृत्व के माध्यम से दीर्घकालिक सफलता प्राप्त कर सकते हैं। यूसीसीआई के मानद सचिव आशीष छाबड़ा ने मुख्य अतिथि का संक्षिप्त परिचय दिया।

डॉ. व्यास ने अपनी पेशेवर यात्रा से बहुमूल्य अंतर्दृष्टि साझा की और अमूल की प्रेरक विकास गाथा के साथ-साथ किसानों को सशक्त बनाने और देशव्यापी विश्वास बनाने में सहकारी मॉडल की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने अमूल की प्रमुख पहलों, इसकी सफलता की रणनीतियों और इस बात पर भी चर्चा की कि किस प्रकार सहकारी दृष्टिकोण भारत में विभिन्न उद्योगों के लिए एक मानक बन गया है।

डॉ. अमित व्यास ने बताया कि कैसे अमूल पारदर्शिता, विश्वास और तेज़ निर्णय लेने को सुनिश्चित करने के लिए डिजिटल दूध मीटर, स्वचालित लॉजिस्टिक्स और डिजिटल स्लिप जैसी डिजिटल प्रणालियों का उपयोग करता है। अमूल दूध की आपूर्ति पर नजर रखने, गुणवत्ता बनाए रखने और गोदाम एवं इन्वेंट्री प्रबंधन को मज़बूत करने के लिए आरएफआईडी-आधारित प्रणालियों का उपयोग करता है। अमूल दुनिया के सबसे विश्वसनीय खाद्य ब्रांडों में से एक है, जो मूल्यवर्धित उत्पादों के साथ निरंतर गुणवत्ता और विश्वसनीय सेवा पर आधारित है। अमूल नियमित रूप से स्वच्छ, उच्च-गुणवत्ता वाले और किफ़ायती डेयरी उत्पाद प्रदान करने के लिए उपभोक्ताओं की अपेक्षाओं का विश्लेषण करता है। उन्होंने उद्योगों को उत्पाद मूल्य और पता लगाने की क्षमता बढ़ाने के लिए क्यूआर कोड, डिजिटल उपकरण और रीयल-टाइम निगरानी अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

विशेषज्ञों के साथ सहयोग

अमूल नवाचार को बढ़ावा देने और उत्पाद उत्कृष्टता बनाए रखने के लिए खाद्य प्रौद्योगिकीविदों, पैकेजिंग विशेषज्ञों और डेयरी विशेषज्ञों के साथ सहयोग करता है। अमूल बिल भुगतान, दस्तावेज़ जमा करने और निविदा प्रक्रियाओं के लिए वेब-आधारित पोर्टल का उपयोग करता है, जिससे विक्रेताओं और सोसाइटियों के लिए संचालन कुशल हो जाता है। इस अवसर पर पुनीत तलेसरा, ऋषभ वर्दिया, हसीना चक्कीवाला के प्रश्नों के उत्तर दिए और इंटरैक्टिव प्रश्नोत्तर सत्र के दौरान प्रतिभागियों के प्रश्नों के उत्तर भी दिए। कार्यक्रम का समापन सदस्यता समिति की अध्यक्ष हसीना चक्कीवाला के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिन्होंने मुख्य अतिथि और सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। सत्र में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया और वक्ताओं के साथ सक्रिय रूप से जुड़े।

सुखाड़िया विश्वविद्यालय में अंतर महाविद्यालयी बास्केटबॉल व महिला फुटबॉल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के अन्तर महाविद्यालयी प्रतियोगिताओं के अन्तर्गत सत्र 2025-26 में विश्वविद्यालय विज्ञान महाविद्यालय के तत्वावधान में अंतर महाविद्यालयी बास्केटबॉल (पुरूष/महिला) व फुटबॉल (महिला) का उद्घाटन समारोह आज एम.बी. खेल परिसर में स्थित फुटबॉल ग्राउण्ड पर हुआ।

आयोजन सचिव डॉ. हेमराज सिंह चौहान ने बताया कि उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि

कुलगुरू प्रो. बी. पी. सारस्वत, समारोह की अध्यक्षता विज्ञान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. सी. पी. जैन ने की। विश्वविद्यालय क्रीड़ा मण्डल सचिव डॉ. भीमराज पटेल, विश्वविद्यालय योग केन्द्र समन्वयक डॉ. दीपेन्द्र सिंह चौहान और इस अवसर पर अंतर महाविद्यालयी बास्केटबॉल (पुरूष/महिला) प्रतियोगिता के लिए विश्वविद्यालय पर्यवेक्षक डॉ. शैलेन्द्र सिंह राव व अंतर महाविद्यालयी फुटबॉल (महिला) प्रतियोगिता के लिए विश्वविद्यालय पर्यवेक्षक डॉ. स्नेहा सिंह इनके साथ ही डॉ भुपेन्द्र आर्य और प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय चयन समिति सदस्य श्री एम. के. शर्मा, श्री जसवन्त सिंह जैतावत व श्री गुलाम खान उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि माननीय कुलगुरू प्रो. बी. पी. सारस्वत ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत ने अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलों के क्षेत्र में अपना न केवल एशिया नहीं बल्कि वर्ल्ड एवं ओलम्पिक खेलों में भी अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है। इसका ताजा उदाहरण भारतीय टीम द्वारा महिला वर्ल्ड कप जीतने का गौरव प्राप्त किया है। महाविद्यालय स्तर पर खेलों के प्रोत्साहन से ही खिलाड़ी की प्रतिभा निखरती है और जिससे देश को राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी मिलते है। उन्होने कहा कि खिलाड़ी अपनी मेहनत एवं लगन में कमी नहीं आने दे क्योंकि विश्वविद्यालय स्तर पर खिलाड़ीयों को संसाधनों की कोई कमी नहीं आने दी जायेगी।

अंतर महाविद्यालयी बास्केटबॉल (पुरूष/महिला) प्रतियोगिता में 19 टीमें और अंतर महाविद्यालयी फुटबॉल (महिला) प्रतियोगिता में 7 टीमें भाग ले रही है। प्रथम दिन बास्केटबॉल (पुरूष/महिला) प्रतियोगिता के पुरूष वर्ग में एम.पी.पी.जी. चितौड़गढ़ ने 56-41 से विजन कॉलेज, चितौड़गढ़ को हराया। दूसरे मुकाबले में मेजबान विश्वविद्यालय विज्ञान महाविद्यालय ने एक तरफा मुकाबले में राणा प्रताप कॉलेज, भीण्डर को 61-16 को हराया। इससे पूर्व अंतर महाविद्यालयी फुटबॉल (महिला) प्रतियोगिता के उद्घाटन मुकाबले में सेठ मथुरादास बिनानी राजकीय महाविद्यालय, नाथद्वारा ने महावीर अम्बेश गुरू महाविद्यालय, फतेहनगर को 4-0 से हराया।

फेक न्यूज़ व डीप फेक पर लगाम : ISB और राजस्थान पुलिस की विशेष कार्यशाला



24 न्यूज अपडेट

जयपुर, 18 नवंबर। इंटरनेट पर तेज़ी से बढ़ रहे डीप फेक और फ़ेक न्यूज़ (झूठी ख़बरों) की चुनौती से निपटने के लिए इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (ISB) हैदराबाद और राजस्थान पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में आज राजस्थान पुलिस अकादमी के नालंदा सभागार में मीडियाकर्मियों के लिए एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला का उद्देश्य मीडिया और पुलिस को AI टूल्स की मदद से ऑनलाइन प्रसारित भ्रामक सामग्री को पहचानने और रोकने के तरीकों से अवगत कराना था। डीजीपी ने फेक न्यूज़ को इनफॉर्मेशन वॉर का टूल बताया राजस्थान पुलिस अकादमी के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए महानिदेशक पुलिस श्री राजीव शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज के दौर में पुरानी घटनाओं को नई के रूप में प्रस्तुत कर चंद सेकंडों में लाखों लोगों तक पहुँचाया जाता है। उन्होंने इनफॉर्मेशन वॉर के टूल के रूप में फ़ेक न्यूज़ के कारण क़ानून और व्यवस्था बिगड़ने, मानसिक प्रताड़ना और फ़ाइनेंशियल फ्रॉड जैसी घटनाओं पर चिंता व्यक्त की।

डीजीपी श्री शर्मा ने बताया कि देश में 9 मिलियन से अधिक इंटरनेट यूज़र हैं, जिनमें से 34 प्रतिशत सोशल मीडिया का उपयोग करते हैं और अक्सर झूठी ख़बरों पर निर्भर हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि 18 से 24 वर्ष के युवाओं को इस संबंध में जनजागरूकता की सबसे अधिक ज़रूरत है।

मीडिया से अपेक्षा और सुझाव:

डीजीपी ने मीडिया से ब्रेकिंग न्यूज़ देने की जल्दबाज़ी में फैक्ट चेक (तथ्य जाँच) करने की अपील की, क्योंकि एक ग़लत न्यूज़ से बड़ा नुक़सान हो सकता है।

उन्होंने मीडिया को भी तकनीक का इस्तेमाल करने और किसी भी स्तर पर शंका होने पर पुलिस के साथ मिलकर प्रयास करने का आह्वान किया। उनका ज़ोर था कि मीडिया और पुलिस अलर्ट रहे और भ्रामक प्रचार को रोकने के लिए मिलकर प्रयास करे ताकि सच्चाई ही आम जन तक पहुंचे और IT का इस्तेमाल अच्छे कामों में हो सके।

कार्यशाला में ISB और पुलिस के उच्चाधिकारी हुए शामिल

इस कार्यशाला का आयोजन राजस्थान पुलिस अकादमी के ऑडिटोरियम भवन में किया गया। इसमें मीडियाकर्मियों और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसरों ने भाग लिया। इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (ISB) की तरफ़ से वरिष्ठ फैकल्टी प्रोफेसर मनीष गंगवार, मेजर विनीत कुमार समेत लगभग 10 सदस्यों की टीम ने मीडियाकर्मियों को डीप फेक की पहचान के लिए AI टूल्स के उपयोग पर प्रशिक्षित किया।

इस अवसर पर डीजी साइबर क्राइम व लॉ एंड आर्डर श्री संजय अग्रवाल, राजस्थान पुलिस अकादमी के निदेशक एवं अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्री संजीब नार्जारी, अतिरिक्त महानिदेशक (साइबर क्राइम) पुलिस वीके सिंह, महानिरीक्षक पुलिस श्री अजय पाल लांबा, डीआईजी कुंवर राष्ट्रदीप, एसपी राशि डोगरा, शांतनु सिंह सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

अपराधियों में विश्वास : जयपुर सेंट्रल जेल के स्टोर रूम से मिला इंटरनेट डोंगल



24 न्यूज अपडेट

जयपुर। जयपुर सेंट्रल जेल में बंदियों द्वारा गुपचुप तरीके से इंटरनेट चलाने का मामला सामने आने के बाद जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया है। तलाशी के दौरान बिजली कोठड़ी के स्टोर रूम से मिला छिपा हुआ डोंगल इस बात का संकेत है कि बंदी लंबे समय से जेल नियमों को धता बताकर नेट चलाने की जुगत में लगे हुए थे। बताया गया कि जेल प्रहरी राजेश सिंह तंवर की ओर से अज्ञात बंदी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है। जेल प्रशासन पिछले कुछ दिनों से जेल परिसर में सर्च ऑपरेशन चला रहा था। इसी क्रम में सोमवार दोपहर व्यापक तलाशी अभियान चलाया गया। तलाशी के दौरान जब बिजली कोठड़ी के स्टोर रूम की जांच की गई, तब वहां एक डोंगल सावधानी से छिपाकर रखा हुआ मिला। प्राथमिक जांच में सामने आया कि बंदी इस डोंगल का उपयोग कर किसी न किसी तरह इंटरनेट सुविधा का लाभ ले रहे थे। जेल अधिकारियों ने जब बंदियों से पूछताछ की तो किसी ने भी इस डोंगल की जानकारी होने से इंकार कर दिया। इसके बावजूद डोंगल मिलने के बाद जेल प्रशासन ने मान लिया है कि जेल में नेट कनेक्शन का गुप्त उपयोग किया जा रहा था। डोंगल को जब्त कर लालकोठी थाने को सौंप दिया गया है। पुलिस ने अज्ञात बंदी के खिलाफ थ्प्ट् दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अब यह भी जांच का विषय है कि डोंगल जेल परिसर तक पहुंचा कैसे, किसकी मदद से लाया गया, और क्या जेल स्टाफ के किसी सदस्य की मिलीभगत तो नहीं। जेल प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि आने वाले दिनों में सर्च अभियान और भी कड़ा किया जाएगा, ताकि जेल सुरक्षा व्यवस्था को भेदने वाले किसी भी तरीके पर तत्काल रोक लगाई जा सके।

ईमानदारी की मिसाल: डिमॉर्ट में मिला पुलिसकर्मी का खोया फोन चार प्रतियोगी छात्रों ने लौटाया

फागी के चार युवाओं ने दिखाई जिम्मेदारी, कांस्टेबल को लौटाया महत्वपूर्ण दस्तावेज़ों वाला मोबाइल



24 न्यूज अपडेट

जयपुर 18 नवम्बर। राजधानी जयपुर में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे चार मेहनती युवाओं ने उस समय ईमानदारी की अनूठी मिसाल पेश की, जब उन्होंने पुलिस मुख्यालय में कार्यरत एक कांस्टेबल का खोया हुआ मोबाइल फोन लौटाया। यह घटना दर्शाती है कि समाज में आज भी नैतिकता और सच्चाई का मूल्य कितना महत्वपूर्ण है।

यह वाकया लाल कोठी स्थित डिमॉर्ट डिपार्टमेंटल स्टोर का है। फागी तहसील के पिनास चकवाडा गांव के रहने वाले रघुराज गुर्जर, सुनील गुर्जर, दीपक गुर्जर और सोमेश गुर्जर स्टोर में खरीदारी कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें पुलिस मुख्यालय में कार्यरत कांस्टेबल घनश्याम शर्मा का मोबाइल फोन मिला। फोन में कई अत्यंत महत्वपूर्ण दस्तावेज़ और संपर्क जानकारी मौजूद थी।

चारों युवकों ने बिना किसी देरी के अपनी ईमानदारी का परिचय देते हुए मोबाइल पर कॉल किया और कांस्टेबल घनश्याम शर्मा को सूचित किया कि उनका खोया हुआ फोन उनके पास सुरक्षित है। सूचना देने के बाद चारों युवक तुरंत पुलिस मुख्यालय पहुंचे। वहां उन्होंने कांस्टेबल घनश्याम शर्मा को उनका क़ीमती मोबाइल फोन सम्मानपूर्वक सुपुर्द कर दिया।

अपना खोया हुआ फोन वापस पाकर कांस्टेबल घनश्याम शर्मा बेहद प्रसन्न हुए। उन्होंने चारों युवकों का तह-ए-दिल से धन्यवाद किया। कांस्टेबल शर्मा ने बताया कि फोन में उनके कई अत्यधिक महत्वपूर्ण सरकारी और व्यक्तिगत दस्तावेज़ थे, जिनके खो जाने से उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ता।

पिनास चकवाडा के ये चारों युवक वर्तमान में जयपुर में रहकर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। उनकी इस पहल ने न केवल उनके गांव और परिवार का नाम रोशन किया है, बल्कि उन सभी लोगों के लिए एक प्रेरणास्रोत बने हैं जो मानते हैं कि ईमानदारी सबसे बड़ी नीति है।

भ्रष्टाचारियों आयड़ छोड़ो : श्मशान के पास नदी में फिर भ्रष्टाचार का अट्टहास!!



24 न्यूज अपडेट

कुछ दिनों पहले यहां कल-कल बहता पानी सबको सुकून दे रहा था, आज मरघट सी शांति पसरी हुई है। अशोक नगर शमशान के पास अपने मूल स्वरूप में आ चुकी नदी को कमिशनखोर नेताओं और अफसरों ने एक बार फिर मरघट में तब्दील करने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। ये देखिये, कितना लंबा पैच एक बार फिर नदी के पेटे में मिट्टी से भर दिया गया है। शायद नदी का मुंह बंद करने के लिए। अपने पत्थरों से बतियाती नदी की आत्मा यह सब देख कितनी तड़पी होगी, इसका अंदाजा लगाइये। आयड़ के शमशान वाले छोर पर नदी के अंतिम संस्कार की कहानी को किन शब्दों में बायां करें। यहां तो पूरे सिस्टम में ही प्रकृति की हत्या करने वाले यमराज बैठे हुए हैं। इन यमराजों ने अपने करतूतों की पोल खुलने से बचाने के लिए फिर नदी में खेल करना शुरू कर दिया है। एक बार फिर उन सभी जगहो पर भराव दबा दिया गया है जहां से भराव बहकर चला गया था, पत्थर साफ नजर आ रहे थे, पेंदा निकल कर बता रहा था कि करोड़ों रूपए डकार लिए गए। भारी भ्रष्टाचार की निशानियां आसमान तले सुबूत के रूप में चीख रही थी। यह चीख अब बंद कर दी गई है। पहले आप आज की तस्वीरों को ध्यान से देख लीजिए। आपको यकीन ही नहीं होगा कि इससे पहले यहां पर क्या हुआ था? उसके बाद ये देखिये। कुछ ही दिनों पहले की तस्वीरें। यहां पर क्या हाल हुए थे। पानी ने सब कुछ तहस नहस कर दिया था। लग रहा था कि एक नदी ने अपना हक मांगा नहीं छीन लिया है। उसने पानी के थपेड़े मुंह पर मार कर अपना हक छीन लिया। लेकिन जली हुई रस्सी के बल कभी नहीं जाते। लालच में आकंठ डूबे लालची और महाभ्रष्ट अफसरों व नेताओं की चांडाल चौकड़ी फिर से नदी में आ जमी है। एक बार फिर लाखों रूपए खर्च करके फिर से नदी के पेटे में भराव डाल दिया गया है। विकास के कामों की शुरूआत हो चुकी है। ठेकेदार जल्दी में है, उसकी बिल बुक भी तैयार है और टेबल के नीचे से काला धन लेने वाले भी इसी वक्त का इंतजार कर रहे थे। शायद आपको याद होगा, अगर नहीं भी होगा तो हम बता देते हैं कि इसी जगह पर नेताओं ने बड़े शान से और शेखियां बघारते हुए, बोल वचन कहते हुए पौधे लगाए थे। करोड़ों के पौधे। सब्जबाग दिखाए थे आयड़ को वेनिस बनाने और बहते पानी में पौधे उगाने के। लेकिन अब नेताओं के पौधे जड़ से उखड़ चुके हैं। उनकी जगह गाजर घास का कब्जा हो गया है। नेताओं के पौधे बड़ी बेशर्मी से पानी में बह गए थे, आपको तो याद ही होगा। लेकिन रस्सी जल गई, बल नहीं गए। ये बल तब तक नहीं जाएंगे जब तक नेताजी अपनी कुर्सी से नहीं जाएंगे। तब तक यह नंगा नाच और तमाशा चलता ही रहेगा। जहां पौधे लगाए थे, वहां पर अब भी पानी भरा हुआ है। जगह दलदली हो गई है। अब सवाल उठते हैं कि क्या फिर फितुर चढ़ेगा, फिर से पौधे लगाए जाएंगे?? सवाल फिर वही है कि आखिर ये नाटक-नौटंकी कब तक और कितने सालों तक चलती रहेगी। नेता-अफसर, ठेकेदारों का यह नेक्सस आखिर कब तक आयड़ की हत्या करता रहेगा? यह सिलसिला कभी रूकेगा भी या फिर कभी नहीं रूकेगा। करोड़ों पानी में बहाने वालों पर कार्रवाई कभी होगी भी या नहीं? ये ऐसे सवाल हैं जो उदयपुर की जनता चाहे उठाए ना उठाए, हम उन पर चर्चा करते रहेंगे। हमारी भ्रष्टाचारियों आयड़ छोड़ो मुहीम जारी रहेगी।

आचार्य महाश्रमण की धवल वाहिनी लम्बे-लम्बे डग भरते हुए पहुंची शिशोदा



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 18 नवम्बर। तेरापंथ धर्मसंघ के एकादशम अधिशास्ता आचार्य महाश्रमण धवल वाहिनी सहित लम्बे-लम्बे डग भरते हुए 20 नवम्बर को ऋषभदेव पहुंचेगे। जहां मेवाड़ स्तरीय भव्य स्वागत समारोह का आयोजन कीका भाई धर्मशाला में होगा।

श्री मेवाड़ जैन श्वेताम्बर तेरापंथी कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष राजकुमार फत्तावत ने बताया कि स्वागत समारोह में मुख्य अतिथि राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत होंगे। समारोह की अध्यक्षता भीलवाड़ा के प्रमुख उद्योगपति ओस्तवाल ग्रुरप के निदेशक प्रवीण ओस्तवाल करेंगे। सम्मानीय अतिथि के रूप में राजस्थान सरकार के सहकारिता मंत्री गौतम दक होगें। विशिष्ठ अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया, उदयपुर सांसद मन्नालाल रावत, चित्तौडग़ढ सांसद सीपी जोशी, पूर्व मंत्री एवं खेरवाड़ा विधायक दयाराम परमार, उदयपुर विधायक ताराचंद जैन, ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, निम्बाहेड़ा विधायक श्रीचंद कृपलानी, खेरवाड़ा पूर्व विधायक नानालाल आहरी, राजसमंद विधायिका दीप्ति किरण माहेश्वरी, कपासन विधायक अर्जुन जीनगर, बेगूं विधायक सुरेश धाकड़ सहित मेवाड़ क्षेत्र के राजनेता, सामाजिक एवं धार्मिक विशिष्ठजन उपस्थित रहेंगे।

मेवाड़ यात्रा के संयोजक पंकज ओस्तवाल ने बताया कि आचार्य महाश्रमण का स्वागत करने पूरा मेवाड़ आल्हादित है तथा मेवाड़ स्तरीय स्वागत समारोह की सभी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। समारोह में सम्पूर्ण मेवाड़ से लगभग 100 बसों एवं छोटे वाहनों के माध्मम से करीब 5 हजार से अधिक श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित रहेंगे। अध्यक्ष फत्तावत ने बताया कि आचार्य महाश्रमण 18 नवम्बर को प्रातः बरौठी से विहार कर शिशोद पधारे। आचार्य महाश्रमण का आज का प्रातःकालीन प्रवास शिशोद राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में हुआ। सांयकाल को आचार्य महाश्रमण पुनः विहार कर स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल पधारे। आचार्य महाश्रमण का अपनी धवल वाहिनी के साथ अगला पड़ाव 19 नवम्बर को में होगा। जैसे जैसे आचार्य महाश्रमण मेवाड़ की और पधार रहे हैं वैसे वैसे मेवाड़ के विभिन्न क्षेत्रों के श्रावक श्राविकाओं का दर्शन हेतु आना लगा हुआ है।

आचार्य महाश्रमण ने विहार के बाद उपस्थित जन समुदाय को अमृत देशना देते हुए फरमाया कि सम्यकत्व के लिए धर्म और साधना का विकास आवश्यक है। अगर व्यक्ति सम्यकत्व की भावना पुष्ट करता है तो मोक्ष की प्राप्ति भी संभव है। आज के कार्यक्रम में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शिशोद के प्रधानाचार्य श्रीमती ज्योति बाला डामोर का सीमा धोका, मीना नवलखा, मंजू शोभावत का साहित्य समर्पण , उपरना और स्मृति चिन्ह से अभिनंदन किया गया। अंत में उपस्थित जन समुदाय को मंगल पाठ का श्रवण करवाया गया।

मार्ग सेवा में किशनलाल डागलिया, राजकुमार फत्तावत, भूपेंद्र चोरडिया , कमलेश कच्छारा,दीपक सिंघवी, महावीर मेडतवाल, ज्ञान बडोला, हर्ष नवलखा, कमल बीकानेरिया, शांतिलाल कोठारी, अनिल बडोला, अंकित परमार, ज्ञानचंद मादरेचा, चंद्रेश फत्तावत,सुनील मुनोत ,जय चौधरी,वैभव चौधरी,अक्षत पोरवाल आदि आचार्य महाश्रमण की मार्ग सेवा में सहभागी रहे।

उदयपुर। विद्या भारती स्कूल में बच्चों ने लिया संकल्पः कभी नहीं करेंगे आत्महत्या का विचार

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 18 नवम्बर। महिला समाज सोसाइटी के तत्वावधान में बड़गांव स्थित विद्या भारती स्कूल में विद्यार्थियों के लिए आत्मोत्साह जागरण एवं मोटिवेशनल कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में नैतिक साहस जागृत करना और उन्हें आत्महत्या जैसे घातक विचारों से दूर रखना था। संस्था की अध्यक्ष श्रीमती माया कुम्भट ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन ईश्वर की अनमोल देन है और इसे किसी भी परिस्थिति में समाप्त करना उचित नहीं है। उन्होंने महाराणा प्रताप का उदाहरण देते हुए कहा कि घास की रोटी खाकर भी उन्होंने जंगलों में रहते हुए स्वराज की लड़ाई नहीं छोड़ी। जब उनके पास कुछ नहीं था, तब भी उन्होंने हार नहीं मानी, तो आज हमारे बच्चों के पास परिवार, मित्र, शिक्षक और संसाधन होने पर हार क्यों मानें? श्रीमती कुम्भट ने आगे कहा कि परीक्षा में फेल होना, प्रेम में धोखा मिलना या कोई भी परेशानी—ये जीवन के सामान्य अनुभव हैं। इनसे घबराकर जीवन खत्म करने का विचार कभी नहीं लाना चाहिए। हर समस्या का समाधान धैर्य, साहस और सही मार्गदर्शन से निकलता है। उन्होंने ऋषि रमन की प्रेरक कहानी सुनाकर बच्चों को यह संदेश दिया कि मुश्किलें कितनी भी बड़ी हों, उनका हल हमेशा मौजूद होता है। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों से सामूहिक संकल्प करवाया गया कि वे किसी भी स्थिति में आत्महत्या का विचार नहीं करेंगे और हर समस्या का समाधान संवाद, प्रयास और मार्गदर्शन से ढूंढेंगे। कार्यक्रम में यशवंत भंसाली ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर बबिता जैन, चन्द्रकला कोठारी तथा विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

ओंकारेश्वर में वंशावली लेखन प्रथा के संरक्षण का संकल्प



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। राजस्थान और गुजरात सहित मालवा में वंशावली लेखन की ऐसी सुदृढ़ परंपरा रही है जो हर कुल के इतिहास के अनेक सूत्र सुरक्षित रखे हुए हैं। ओंकारेश्वर मांधाता क्षेत्र में संपन्न वंशावली और विरुदावली विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी में इस परंपरा को सुरक्षित रखने और प्रोत्साहित करने का संकल्प हुआ। इसमें देशभर से पोथी वाचकों, कविराव, चारण, गढ़वी और महाराष्ट्र सहित दक्षिण के वंश वाचकों ने भाग लिया और कोई पचास शोधकर्ताओं ने अपने शोध सर्वेक्षण प्रस्तुत किए। जनजाति लोक कला एवं बोली विकास अकादमी मध्य प्रदेश संस्कृति परिषद, भोपाल की ओर से निदेशक प्रो. धर्मेंद्र पारे के मार्गदर्शन में यह तीन दिवसीय संगोष्ठी हुई। वंशावली वाचन विधि के बाद तकनीकी सत्र में अध्यक्ष पद से वरिष्ठ भारत विद्याविद डॉ. श्रीकृष्ण जुगनू ने कहा कि हमारी वंशावलियां सांस्कृतिक एकता की सूत्रधार हैं। वे समाज के लिए निर्देशक और विधान तथा अनुष्ठानों की भूमिका वाली होती हैं। यह परंपरा हमारी जातीय पहचान वाली है और हमें जड़ों से जोड़ती है। विरुदावली यदि गौरवशाली शब्दों से हमें हमारी गौरवशाली विरासत से जोड़ती है तो दान, मान और त्राण के पथ को आलोकित करती हैं। इनकी जानकारी और महत्व की जानकारी सबको हो, इसके लिए यह आवश्यक है कि ये पाठ्य पुस्तक और शोध का हिस्सा बनें। भारत में ऋषि वंश और राजवंश ही नहीं, सर्व सामान्य के वंश को सहेजने और लिखने की परम्परा रही है। सब ब्रह्मा की सृष्टि में मनु से उत्पत्ति मानी है और यह विश्वास हम सब को एक कुटुंब वाला सिद्ध करता है। आयोजन में प्रो. शैलेन्द्र कुमार शर्मा, बृजेन्द्र कुमार सिंहल, डॉ. शोभा सिंह, उमेश पाठक, विभा ठाकुर, इंद्र नारायण ठाकुर, आकांक्षा, प्रो. मोनिका ठक्कर, अध्येता काजल, डॉ. अनीता सोनी, डॉ. नेत्रा रावणकर, ज्ञानेश चौबे, छोगालाल सुजस, प्रो. योग्यता भार्गव आदि ने अपने शोध पत्र पढ़े। ओंकार मांधाता क्षेत्र में अपनी तरह का यह पहला आयोजन था। डॉ. सुखदेवसिंह राव और उनके साथियों ने वंशावली वाचन प्रस्तुत किए। किशोरदान चारण आदि ने युद्ध विषयक प्रेरक गीत सुनाए।

फतेहपुरा चौराहे पर बाल वाहिनियों की कड़ी जांच, कई अनियमितताएं उजागर



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। फतेहपुरा चौराहे पर मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उदयपुर के एडीजे एवं सचिव कुलदीप शर्मा ने स्वयं मौके पर पहुंचकर बाल वाहिनियों की विशेष जांच अभियान का निरीक्षण किया। यह कार्रवाई सदस्य सचिव, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशों तथा जिला प्राधिकरण अध्यक्ष के मार्गदर्शन में की गई। शर्मा ने बताया कि समाचार पत्रों के माध्यम से बाल वाहिनियों में हो रहे नियम उल्लंघन सामने आने पर जिला पुलिस अधीक्षक एवं यातायात विभाग को पत्र लिखकर त्वरित कार्रवाई की मांग की गई थी। इसके बाद यातायात विभाग लगातार जांच, चालान व नियम विरुद्ध पाई जाने वाली बाल वाहिनियों को जब्त करने की कार्रवाई कर रहा है। मंगलवार को करीब एक घंटे तक शर्मा स्वयं चौराहे पर खड़े रहकर बाल वाहिनियों की जांच करते रहे। इस दौरान कई गंभीर लापरवाहियाँ सामने आईं— कुछ निजी इको गाड़ियाँ एवं वैन को अवैध रूप से बाल वाहिनी के रूप में उपयोग किया जा रहा था। एक वैन में बिना आरसी में उल्लेख के एलपीजी किट लगाई हुई मिली। एक इको वाहन में ऊपर जंगला लगाकर उसमें बैग भरे हुए थे और क्षमता से अधिक 12 बच्चों को बैठाकर परिवहन किया जा रहा था। एक वैन में दो बालिकाएँ कंडक्टर सीट पर बैठाई गई थीं, जो सुरक्षा नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। शर्मा ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से वर्षभर बाल वाहिनियों की नियमित जांच जारी रहेगी तथा नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों व स्कूल प्रबंधन के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

दीक्षार्थी दीदियों की गोद भराई रस्म का आयोजन : दो आर्यिका संघ का हुआ आत्मीय मिलन



24 न्यूज अपडेट

खेरवाड़ा, तहसील रोड स्थित शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर परिसर के विशाल सभागार में 6 फरवरी से 13 फरवरी 2026 तक श्रीणमोकार तीर्थ, नासिक में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय पंचकल्याणक महोत्सव के अंतर्गत 7 फरवरी को परम पूज्य प्रज्ञाश्रमण आचार्यश्री देवनंदी महाराज के पावन करकमलों से बाल ब्रह्मचारिणी निधी दीदी एवं बाल ब्रह्मचारिणी मोनिका दीदी की मंगल दीक्षा संपन्न होने जा रही है,

उसी निमित्त स्थानीय समाज की ओर से अध्यक्ष रमेश चंद्र कोठारी एवं महामंत्री भूपेंद्र जैन के नेतृत्व में गणिनी आर्यिका कांतिश्री माताजी एवं विदुषी आर्यिका सुप्रज्ञमती माताजी ससंघ के सानिध्य में उक्त पावन अवसर के पूर्व दोनों दीदियों का गोद भराई का कार्यक्रम दोपहर में संपन्न हुआ। आर्यिका ने बताया कि दोनों दीदी सांसारिक जीवन का त्याग कर आध्यात्मिक मार्ग पर आगे बढ़ने का संकल्प ले रही हैं साथ ही दोनों अनुयायी सांसारिक सुख-सुविधाओं को त्यागकर साधु-साध्वी का जीवन अपनाने के लिए दीक्षा ले रही हैं। इसमें पांच व्रतों का पालन करने का संकल्प लेते हैं। इससे पूर्व प्रातः आर्यिका सुप्रज्ञमती माताजी के मुखारविंद से भगवान की शांति धारा एवं पंचामृत अभिषेक किया गया तत्पश्चात आर्यिका द्वारा समाज जनों को प्रवचन रूपी मंगल आशीर्वाद प्रदान किया गया।

वृद्धजन में गैर-संचारी रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु आहार और पोषण कार्यक्रम का आयोजन



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर के कॉलेज ऑफ कम्युनिटी एंड एप्लाइड साइंसेज़ के फूड साइंस एंड न्यूट्रिशन विभाग तथा राष्ट्रीय सामाजिक रक्षा संस्थान, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में वरिष्ठ नागरिकों हेतु "वृद्धजन में गैर-संचारी रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु आहार एवं पोषण" विषय पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 18.11.2025 किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य वृद्धजन में बढ़ती गैर-संचारी रोगों को वैज्ञानिक आहार प्रबंधन, जीवनशैली सुधार तथा मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य जागरूकता के माध्यम से कम करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय कुलगुरु डॉ प्रताप सिंह जी रहे उन्होंने आहार व् पोषण से सम्बंदित जानकारी दी उन्होंने पारंपरिक भोजन जैसे मोटे अनाज, बथुआ आदि को डाइट में शामिल करने पर जोर दिया साथ ही प्राकृतिक खानपान की तरफ प्रकाश डालते हुए फास्ट फूड एवं पैकेज्ड फूड के दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी। महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ धृति सोलंकी ने कार्यक्रम की रुपरेखा की ओर प्रकाश डालते हुए विस्तृत जानकारी दी। कार्य क्रम की आयोजक खाद्य एवं पोषण विभाग की प्रो. रेनू मोगरा ने कार्यक्रम के उद्देश्यों को बताने के साथ प्रो. सरला लखावत एवं उनकी टीम द्वारा समूह चर्चा एवं व्यक्तिगत आहार परामर्श सत्र आयोजित किया , जिसमें प्रतिभागियों को आयु-विशिष्ट पोषण आवश्यकताओं, संतुलित आहार, तरल सेवन एवं रोग-निवारक खानपान संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। मानव विकास एवं परिवार अध्ययन की विशेषज्ञ प्रो. सुमन औदिच्य (सेवानिवृत्त), ने "वृद्धजन में मनोवैज्ञानिक समस्याएँ एवं उनका स्वास्थ्य व पोषण स्थिति पर प्रभाव" विषय पर वैज्ञानिक व्याख्यान प्रस्तुत किया। पेसिफिक हॉस्पिटल के यूरोलॉजिस्ट डॉ. रंका शितिश ने "वृद्धजन में किडनी रोगः कारण, रोकथाम एवं आहार प्रबंधन" पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण आधारित व्याख्यान दिया। उन्होंने क्रोनिक किडनी डिज़ीज़, हाइड्रेशन प्रबंधन, कम-सोडियम आहार तथा प्रोटीन नियंत्रण पर विस्तृत जानकारी साझा की। साथ ही आर्थोपेडिक विशेषज्ञ डॉ. सुभाष शर्मा ने "ऑस्टियोपोरोसिस एवं अन्य अस्थि रोगः कारण, रोकथाम एवं आहार प्रबंधन" पर सत्र प्रस्तुत किया। उन्होंने कैल्शियम व विटामिन क् की आवश्यकता, हड्डियों के क्षय की रोकथाम, तथा वृद्धजन में अस्थि-घनत्व संरक्षण हेतु वैज्ञानिक उपायों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ, जिसे खाद्य विज्ञान एवं पोषण विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. कमला महाजनी ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का सञ्चालन डॉ पायल तलेसरा ने किया।

ऋषभदेव में पूज्य आचार्य 108 श्री विहर्ष सागर जी महाराज का मंगल प्रवेश कल



24 न्यूज अपडेट

ऋषभदेव । पूज्य आचार्य 108 श्री विहर्ष सागर जी महाराज ससंघ बुधवार को प्रातः नगर में मंगल प्रवेश करेंगे। संघ के मंगल प्रवेश का शुभारम्भ सुबह ठीक 8 बजकर 30 मिनट पर होगा। सबसे पहले पगल्याजी पर समाजजन भक्तिभाव और उत्साह के साथ गुरुदेव की भव्य अगवानी करेंगे। इसके बाद बैंड-बाजों की मंगल ध्वनि और जयकारों के बीच विशाल शोभायात्रा प्रारम्भ होगी। शोभायात्रा भगवान ऋषभदेव के निज मंदिर पहुंचेगी, जहाँ आचार्य श्री दर्शन-वंदना करेंगे। तत्पश्चात् आचार्य संघ कांच मंदिर पहुँचेगा। यहाँ पूज्य आचार्य श्री विहर्ष सागर जी महाराज के सान्निध्य में एक विशाल धर्म सभा का आयोजन होगा। आचार्य श्री श्रावक-श्राविकाओं को आशीर्वाद प्रदान करेंगे तथा धर्म, अध्यात्म और जीवन मूल्यों पर प्रेरणादायी प्रवचन देंगे। आचार्य संघ का यह मंगल प्रवेश सम्पूर्ण समाज के लिए अत्यंत हर्षोल्लास और पुण्यार्जन का अवसर है। बड़ी संख्या में समाजजन इस धार्मिक आयोजन में सम्मिलित होंगे।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।